>

Title: Need to check the increasing pollution level in Vapi industrial area in Gujarat.

श्री किसनभाई वी. पटेल (बलसाड़) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र बलसाड़ में वापी औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण की तरफ डालना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय, वापी को ब्लैकस्मिथ पोल्यूशन की वर्ष 2007 की रिपोर्ट में विश्व में पांचवां स्थान मिला है। यहां के पानी में पारे की मात्रा डब्ल्यू एच ओ के स्टैंडर्ड से 96 प्रतिशत ज्यादा है। इस औद्योगिक नगरी में करीब 1402 कल-कारखाने इस शहर में बढ़ते प्रदूषण के लिए सीधे-सीधे जिम्मेदार हैं। इस प्रदूषण से वापी के आसपास के गांव में रहने वाले हजारों नागरिक तो विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं बल्कि दमनगंगा और मधुबन डैम के पानी से यहां की मछलियां और खेती योग्य भूमि भी इसके दुष्प्रभावों से अछूती नहीं रही है।

महोदय, राज्य का प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इन कल कारखानों द्वारा उत्पन्न प्रदूषण को रोकने में असमर्थ रहा है। अतः मैं माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री से निवेदन करता हूं कि वे इस संबंध में शीघ्रातिशीघ्र हस्तक्षेप करें और वापी में प्रदूषण को बढ़ाने वाले कल कारखानों पर शीघ्र अतिशीघ्र उचित कार्यवाही करें ताकि शहर और यहां के नागरिकों को प्रदूषण से बचाया जा सके।